का न्यूनतम वार्षिक औसत एफ० ओ० बी० मूल्य चुनिन्दा और गैर चुनिन्दा उत्पादों के लिए क्रमशः 25 लाख और 2 करोड़ रु० है जबकि बड़े स्तरीय एककों के लिए ये सीमाएं एक करोड़ रु० और 5 करोड़ रु० हैं। यह सुविधा लघु स्तरीय एककों के साथी संघ को भी उपलब्ध है।

(ii) निर्यात सदन प्रमाण पत्र देने के लिए व्यापारी निर्यातक अथवा बड़े पैमाने के विनिर्माता की पात्रता निर्धारित करने के सम्बन्ध में लघु स्तरीय उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों के निर्यातों का मूल्य ऐसे निर्यातों के एफ० ओ० बी० मूल्य का दुगना समझा जाता है।

(iii) निर्यात सदन को दिए जाने वाले अतिरिक्त लाइसेंस का मूल्य लघु स्तरीय तथा कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों के निर्यातों के एफ० ओ० बी० मूल्य का हिसाब 33 1/3 प्रतिशत की दर से लगाया जाता है जबकि बड़े पमाने के उत्पादों के मामले में इसका हिसाब केवल 5 प्रतिशत की दर से लगाया जाता है।

(ii) निर्यात संवर्धन के लिए सहायता अनुदान संहिता के अन्तर्गत लघु उद्योग क्षेत्र के निर्यात सदनों और साथ ही लघु उद्योग एककों के साथी संघ को उनके बिक्री दलों के विमित्त व्यय का 60 प्रतिशत दिया जाता है। जबकि अन्य निर्यात सदनों को 25 प्रतिशत दिया जाता है।

(ख) तथा (ग). 1980–81 के लिए आयात नीति बनाने के सम्बन्ध में पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति की समीक्षा की जा रही है।

दिल्ली तथा जोधपुर के बीच बरास्ता जयपुर, विमान सेवा पुनः आरम्भ करना

206. **श्री बिरधी चन्द जैन** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली तथा जोधपुर के बीच, बरास्ता जयपुर, विमान सेवा कब से नहीं चल रहा है और इसके क्या कारण हैं ; और

(ख) इसके कब तक पुनः आरम्भ हो जाने की आशा है ?

पर्यटन और नागर विमानन तथा श्रम मंत्री (श्री जे० बी० पटनायक) : : (क) और (ख) बम्बई/अहमदाबाद/उदयपुर/जोधपुर/दिल्ला का परिचालन करने वाली दैनिक एच० एस0–748 सेवा को 6 जलाई, 1979 से निलम्बित कर दिया गया था क्योंकि एक एच0 एस0–748 विमान मंगलौर में एक दुर्घटना में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। 4 अगस्त, 1979 को बम्बई के निकट हुई एक दुर्घटना में एक और एच0 एस0–748 विमान के नष्ट हो जाने से इंडियन एयरलाइन्स की क्षमता की कमी और भी गंभीर हो गयी। इंडियन एयरलाइन्स के विमान-बेड़े में वर्ष 1980 के दौरान 4 बी-737 विमान और जुड़ जाने पर आशा है इंडियन एयरलाइन्स जोधपुर की विमान सेवा को सितम्बर, 1980 तक पुनः चालू कर देगी।

Opening of Hotels in Foreign Countries by Oberoi Groups

207. SHRI PIUS TIRKEY: Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether the Oberoi Groups of Hotels have been permitted to open hotels in a number of foreign countries; if so, full particulars thereof;

(b) the terms and conditions under which this Group has been permitted to set up hotels abroad; and

(c) the total annual foreign exchange they have earned for the country during the last three years?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION AND LABOUR (SHRI J. B. PATNAIK): (a) to (c). The information is being collected and will be laid on the table of the Sabha.

Export of Steel Tubes

208. SHRI PIUS TIRKEY: Will the Minister of COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether India is exporting Steel Tubes abroad; if so, full particulars;

(b) the companies which are manufacturing and exporting these items;

(c) whether irregularities have been discovered on the part of these companies with regard to foreign exchange earnings from the exports; and

(d) if so, full details and action taken against defaulting companies?

THE MINISTER OF COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND STEEL AND MINES (SHRI PRANAB MUKHERJEE): (a) Yes, Sir. Export of steel tubes from this country